हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

06 मार्च 2025, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश की आंतरिक सुरक्षा में अमूल्य योगदान के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सराहना की। बल को देश की सुरक्षा की रीढ़ बताया है।

- केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत के निर्माण निवारक तथा संवर्धक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि इस बार बजट सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा।

  विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिढ़ा ने कहा है कि मुख्यमंत्री समूचे हरियाणा के विकास को लेकर गंभीर हैं।
- डाक विभाग द्वारा नारी शक्ति सप्ताह के दौरान विभाग की विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश की आंतरिक सुरक्षा में अमूल्य योगदान के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सी आर पी एफ की सराहना करते हुए इसे श की सुरक्षा की रीढ़ बताया है आज गुरुग्राम में सी आर पी एफ के राजपत्रित अधिकारियों के 55वें बैच के पासिंग आउट परेड समारोह को संबोधित करते हुए कहा प्रशिक्षु अधिकारियों से ईमानदारी, निष्पक्षता एवं निडरता से अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।उन्होंने अधिकारियों से कानून एवं संविधान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने, संवेदनशीलता के साथ लोगों के अधिकारों की रक्षा करने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आज पास आउट होने वाले 39 प्रशिक्षु अधिकारी सी आर पी एफ की गौरवशाली विरासत के अनुरूप राष्ट्र की अखंडता, एकता एवं संप्रभुता में योगदान देते हुए अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगे।उन्होंने सशस्त्र बलों में महिलाओं की भर्ती के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक फैसले को याद करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य पुलिस में महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत है। राज्य सरकार का लक्ष्य निकट भविष्य में इसे 15 प्रतिशत तक बढ़ाना है।हरियाणा सरकार द्वारा सुरक्षा बलों के जवानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि शहीद होने की स्थिति में, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों में सेवारत हरियाणा के सैनिकों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता और एक परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जा रही है। अब तक 415 आश्रितों को नौकरी दी जा चुकी है।इस अवसर पर सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और सीआरपीएफ अकादमी के निदेशक सुनील कुमार झा भी मौजूद रहे।

***************************************************************************

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत के निर्माण में निवारक तथा संवर्धक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर जोर दिया है।डॉक्टर मांडविया फरीदाबाद में कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा निगम के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आरोग्य भारती के सहयोग से "स्वास्थ्य चुनौतियां और स्वस्थ जीवनशैली" विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने चरक, सुश्रुत और भगवान धन्वंतरि जैसे आयुर्वेद आचार्यों के योगदान को रेखांकित किया और निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख घटकों के रूप में योग, ध्यान और उपवास को स्वस्थ जीवनशैली के आवश्यक अंग बताया।श्री मांडविया ने कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में तीन अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का उद्घाटन किया। इनमें उन्नत इमेजिंग के लिए डिजाइन की गई उच्च-रिज़ॉल्यूशन, डिजिटल डिटेक्टर-आधारित मैमोग्राफी मशीन शामिल है, जो स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने और मूल्यांकन के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। इन सुविधाओं के जुड़ने से बीमित श्रमिकों और उनके आश्रितों के लिए निदान और उपचार सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि इस बार बजट सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा।आज गुरुग्राम में मीडियाकर्मियों के बजट बारे सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से ली जा रही हैं। पेपर लीक मामले में उन्होंने कहा कि पेपर लीक नहीं हुआ था, बल्कि परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाया गया था और किसी ने उसकी फोटो खींच ली थी।उन्होंने बताया कि कि मामले की उचित जांच कर सुलझा लिया गया है। और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

***********************************************************************

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिढ़ा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह समूचे हरियाणा के विकास को लेकर गंभीर हैं।

वो आज जींद नगर परिषद की सालाना बजट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। विधानसभा उपाध्यक्ष ने बताया कि कालोनियों को नियमित करने हेतु 114 करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत किया गया है।

उन्होंने कहा कि जींद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

*******************************************************************

डाक विभाग द्वारा नारी शक्ति सप्ताह मनाया जा रहा है।जो परसों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्पन्न होगा। अंबाला मंडल डाकघर प्रवर अधीक्षक विजय कुमार ने बताया -

श्री विजय कुमार ने बताया कि इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों में डाक विभाग की विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कल अंबाला शहर में महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाएगा।

************************************************************************

आज महिलाएं हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं। सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ उठाते हुए ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन रही है।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाचार ने जींद की एक ऐसी महिला सरिता देवी से बातचीत की जो हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत करीब 68 महिलाओं का स्वयं सहायता समूह खुद ही आत्मनिर्भर नहीं हुई बल्कि सभी बेहतर जीवन यापन कर पा रही है।

************************************************************************

नगरपरिषद थानेसर के चुनाव में वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 32 में 2 पार्षद सर्वसम्मति से चुने गए है। इन दोनों पार्षदों को रिटर्निंग अधिकारी से प्रमाण पत्र मिल गया है।रिटर्निंग अधिकारी सतेन्द्र सिवाच ने बताया कि थानेसर नगर परिषद के वार्ड 7 से सर्वसम्मति से निशा रानी व वार्ड 32 से सुधीर कुमार चुघ पार्षद चुने गए है। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रमाण पत्र सौपने से पहले नियमानुसार तमाम औपचारिकताओं को पूरा करवाया गया है।